# आबूरोड के ब्रह्मकुमारी मुख्यालय में मनाई त्रिमूर्ति शिव जयंती

## मुख्य प्रशासिका ने 100 फीट ऊंचा शिव ध्वज फहराया, लोकसभा स्पीकर ने की शिव की पूजा

आबूरोड, 26 फरवरी (का.सं.)। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के मुख्यालय शांतिवन में महाशिवरात्रि पर विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की 101 वर्षीय मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने वरिष्ठ प्रशासिकाओं के साथ सौ फीट ऊंचा शिव ध्वज फहराया। इस कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी इस कार्यक्रम में पहुंचे।



लोकसभा स्पीकर ने शिवलिंग पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया और दीप प्रज्वलित कर सभी के लिए मंगल कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को ब्रह्माबाबा के जीवन पर आधारित फिल्म वॉटर लेजर शो के माध्यम से दिखाई जाएगी। इस अवसर पर सांसद लुम्बाराम चौधरी, भाजपा नेता अरुण परसरामपुरिया सहित अन्य भाजपा नेता और संस्थान के पदाधिकारी मौजूद रहे। राजस्थान और कर्नाटक से आए 15 हजार से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी मोहिनी दीदी ने बताया कि विश्व के 140 देशों में स्थित सेवाकेंद्रों पर शिव ध्वज फहराया गया। उन्होंने दृढ़ता और तीव्र पुरुषार्थ से आगे बढ़ने का संदेश दिया। राजयोगिनी जयंती दीदी ने बताया कि ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना हो 89 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। संयुक्त मुख्य प्रशासिका बीके मुन्नी दीदी ने कहा कि परमात्मा का दिव्य संदेश दुनियाभर में पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने लोगों को दुख और कष्टों से मुक्ति का मार्ग दिखाने की बात कही। कार्यक्रम में सभी ने नकारात्मक विचारों और बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया। साथ ही सभी के प्रति शुभ भावना रखने की प्रतिज्ञा की।

बोले- परमात्मा की आस को पूरा करके रहेंगे

अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा भाई ने कहा कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि परमात्मा के महावाक्य सुनने का अवसर मिलता है। अतिरिक्त महासचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने कहा कि आज के दिन सभी प्रतिज्ञा करें कि परमात्मा की जो हम सभी से आस है उसे पूरा करके ही रहेंगे। सभी संकल्प करें कि सदा शिव बाबा का गुणगान करते हुए आगे बढ़ते रहेंगे। परमात्मा की शुभ आस है कि आपके पास जो भी आए तो वह गुण ग्रहण करके और खुशी लेकर जावे। बीके आत्मप्रकाश भाई, जयपुर सबजोन की निदेशिका बीके सुषमा दीदी, बीके गीता दीदी, बीके शारदा दीदी, बीके रुक्मिणी दीदी, राजापार्क जयपुर की बीके पूनम दीदी, वरिष्ठ राजयोगी बीके प्रकाश भाई सहित हजारों लोग मौजूद रहे। मधुरवाणी ग्रुप के गायक बीके सतीश व टीम ने लहराया, लहराया शिव झंडा लहराया गीत प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय गायक हरीश मोयल ने शिव बाबा का गीत प्रस्तुत किया। संचालन बीके सुधीर भाई ने किया।

# महाशिवरात्रि पर रेवदर में निकली शोभायात्रा

## बुढेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई यात्रा, शिव-पार्वती की झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

रेवदर, 26 फरवरी (का.सं.)। महाशिवरात्रि के पर्व पर उपखण्ड क्षेत्र के श्रद्धालु शिवभक्ति में सराबोर नजर आए। उपखण्ड के हर शिवालय में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है और बम-बम भोले, हर-हर गंगे और नमः शिवाय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय है। बुढेश्वर महादेव मंदिर रेवदर, लीलाधारी महादेव मंदिर मंडार सहित सभी प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी हुई है।



रेवदर कस्बे स्थित बुढेश्वर महादेव मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सवेरे में महिलाओं द्वारा भगवान शिव को 56 भोग चढ़ाया गया। दोपहर में गाजे बाजे, ऊंटगाड़ी और रथ सहित शोभायात्रा का आयोजन हुआ। शोभायात्रा बुढेश्वर महादेव मंदिर से ठाकुर जी मंदिर, जोशी वास, सरेसी माता मंदिर, अस्पताल रोड, बस स्टेंड, नया बाज़ार, राणा चौक, हनुमान मंदिर होते हुए गुजरी। जगह-जगह कस्बेवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

महाशिवरात्रि पर आयोजित शोभायात्रा में पालकी व झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दी और शिव पार्वती विवाह, शिव तांडव सहित विभिन्न नृत्य किए। शोभायात्रा में निजी स्कूलें भी शामिल हुई।

रात में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

बुढेश्वर महादेव मंदिर में शाम 6 बजे व्रत प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या होगी। इसके बाद देर रात महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कल सुबह शृंगार आरती में सैकड़ों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

# मणिपुर में 7 जिलों के लोगों ने हथियार सरेंडर किए

## *87 तरह के बंदूक और गोला-बारूद पुलिस को सौंपे; मैतेई ग्रुप से मिले राज्यपाल भल्ला*

मणिपुर, 26 फरवरी (वेब वार्ता)। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद से ही हथियारों का सरेंडर जारी है। बुधवार को पुलिस ने बताया कि 87 तरह के हथियार, गोला-बारूद और अलग-अलग सामान लोग स्वेच्छा से सरेंडर कर रहे हैं। इंफाल ईस्ट, बिश्नुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम, चुराचांदपुर और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियार सरेंडर किए गए हैं। इधर, राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने मैतेई सशस्त्र समूह अरामबाई तेंगगोल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की है।

# केन्द्र में महाशिवरात्रि पर आध्यात्मिक उत्सव में शुभ संकल्प

बीकानेर, 26 फरवरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संभाग मुख्यालय केन्द्र सार्दुल गंज व उप केन्द्र रानीसर में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व परमपिता शिव के संदेशों के स्मरण, शुभ संकल्प व आध्यात्मिक उत्सव के रूप में मनाया गया। उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सार्दुल गंज के संभाग मुख्यालय केन्द्र में वरिष्ठ ब्रह्कुमार हंसमुख भाई व बी.के.राधा ने सृष्टि के रचियता परमपिता परमात्मा शिव का ध्वज फहराया। केन्द्र प्रभारी बी.के.कमल ने वर्च्युअल संदेश में कहा कि परमात्मा शिव को प्रसन्न करने के लिए पांच संकल्प लें। परम पिता परमात्मा शिव जिन्हें भोलेनाथ भी कहते हैं, वे इतने भोले हैं कि वे हमसे कोई वस्तु, वैभव नहीं लेते अपितु इनमें निहित कड़वाहट, बुराइयों, कमियों को हमसे लेकर हमें सुख, शांति व वैभव का जीवन प्रदान करते हैं। इसी का स्मरण करते हुए हर मनुष्य आत्मा महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर कड़वे फल-फूल आदि अर्पित करते है, लेकिन परमात्मा ऐसी कोई भी वस्तु नहीं चाहिए। उन्हें तो केवल हमारा सच्चा और साफ मन चाहिए। महाशिवरात्रि पर उन्हें भले आप कुछ अर्पित करें या ना करें किन्तु उन्हें अपना तथा अपने को शिव का मानकर दृढ संकल्प से उनकी साधना, आराधना व भक्ति करने से परमात्मा प्रसन्न होते है।

# बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए इंप्लीमेंटिंग कमेटी बने: श्री अंशुमान सिंह भाटी

## *किसानों की आय दुगनी करने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट का सुझाव*

बीकानेर। राजस्थान विधानसभा में कोलायत विधायक श्री अंशुमान सिंह भाटी ने बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए इंप्लीमेंटिंग कमेटी बनाने की आवश्यकता जताई।

श्री भाटी ने लगातार दूसरी ऐतिहासिक बजट देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी का आभार जताया। श्री भाटी ने 860 ऋ्ष्ठ ड्डलह्लक्क152 केवी जीएसएस व 1000 आरडी से आईजीएनपी काली नाड़ा धाम भभूता सिद्ध मंदिर से होते हुए गिरिराजसर 25 किलोमीटर लंबी और सात मीटर चौड़ी सड़क बनाने की मांग की। कोलायत विधायक भाटी ने सुझाव दिया कि काली नाड़ा धाम से रीण गडियाला माता मंदिर कोलायत सिरसा भैरव सियाणा कोडमडेसर भैरव देशनोक मुकाम जुड़ेगे तो ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

श्री भाटी ने गिरिराजसर व देशनोक में नई उप तहसील खोलने की मांग रखी। गौडू में मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने व कोलासर द्व मेघासर खिंदासर, बिठनोक, रणजीतपुरा, चारणवाला, राववाला और गोकुल में नए पीएचसी स्वीकृत करने की माँग सभापति के माध्यम से सरकार के समक्ष रखी। श्री भाटी ने कहा कि वर्ष 2030 तक राजस्थान राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने हेतु सरकार अग्रसर है। विगत वर्ष के अंदर हमें दो कामयाबी मिली। जैसे कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हमने 35 लाख करोड़ के निवेश के एम ओ यू किए, जिससे राजस्थान एक नई दिशा व दशा बदलेगी। श्री भाटी ने कहा हम तीन नहरों के पानी को संचय करके हम लाखों हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेंगे। साथ ही साथ एक तिहाई राजस्थान की जनता को स्वच्छ पेयजल से हम आपूर्ति प्रदान करेंगे।

*बूटडी गांव के ग्रामीणों ने जताया विरोध*

# भेरूगढ़ पंचायत में जुड़ने से इनकार, मकावल में ही रखने की मांग

रेवदर, 26 फरवरी (का.सं.)। रेवदर उपखंड के बूटडी गांव के ग्रामीण अपनी पंचायत बदलने के विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने उपखंड अधिकारी, विधायक मोतीराम कोली और पूर्व विधायक जगसीराम कोली को ज्ञापन सौंपा है और मकावल ग्राम पंचायत व रेवदर पंचायत समिति में ही जुड़े रखने की मांग की है।

पंचायती राज के पुनर्गठन में बूटडी को भेरूगढ़ पंचायत में शामिल करने का प्रस्ताव बनाया गया है, लेकिन दो हजार की आबादी वाले इस गांव के लोग इस फैसले से नाराज हैं। उनका कहना है कि बूटडी, मकावल पंचायत का सबसे नजदीकी गांव है।

ग्रामीणों ने बताया कि मकावल से बूटडी की दूरी मात्र एक किलोमीटर है। यहां पक्की सड़क भी मौजूद है। वहीं भेरूगढ़ चार किलोमीटर दूर है और वहां जाने का कोई सीधा रास्ता भी नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि उनका भेरूगढ़ से कभी कोई लेना-देना नहीं रहा। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मर्जी के खिलाफ पंचायत बदली गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि पंचायत बदलने से वे केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित हो जाएंगे।

# हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय, शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रयागराज, 26 फरवरी (वेब वार्ता)। तीर्थराज प्रयागराज में महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही भक्तों की कतार लग गई और हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज रही।

फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है। यह शिव शंकर की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित है। श्रद्धालु प्रातःकाल से ही स्नान कर अपने हाथ में पान, फूल, विल्वपत्र, धतूरा, मदार, दूर्वा आदि लेकर कतार में अपना नम्बर आने के इंतजार में ऊं नम शिवाय का निरंतर जप किए जा रहे हैं। मंदिरों में लंम्बी कतार लगी है। मंदिरों में घंट, घडियाल और शंख की ध्वनि वातावरण को आध्यात्मिकता से लबरेज कर रही है। तमाम शिव मंदिरों में महादेव का अभिषेक कराया जा रहा है। प्रयागराज में यमुना तट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर के बारे में बताया जाता है कि यह करीब 200 वर्ष प्राचीन और



महत्वपूर्ण शिव मंदिरों में से एक है, जो शहर के मध्य स्थित है। मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां की पूजा से व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। इस मंदिर का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व भी है। यह मंदिर कामेश्वर और कामेश्वरी का तीर्थ है। इस मंदिर में ऋण मुक्तेश्वर और सिद्धेश्वर महादेव का शिवलिंग भी है। इस मंदिर का पुराणों में भी उल्लेख मिलता है। यहां दूर दराज से शिवभक्त जलाधिभेक करने आते हैं। यह मंदिर नैनी ब्रिज के पास स्थित है।

प्रयागराज के घूरपुर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में यमुना नदी के किनारे सुजावन देव मंदिर है. यह मंदिर भगवान शिव और माता यमुना को समर्पित है। यह मंदिर विशेष रूप से उस स्थान पर स्थित है जहां स्थानीय लोग पूजा करते हैं। मंदिर में नियमित रूप से विशेष पूजा और अनुष्ठान होते हैं। यह मंदिर भक्तों के लिए शांति और आशीर्वाद का स्थान है, जहां वे भगवान शिव की उपासना करके अपने जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति पाते हैं।

प्रशासन ने सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया है। यहां महिलाओं के लिए मंदिर में दर्शन पूजन के लिए अलग और अलग लाइन की व्यवस्था किया है।

महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व होने के कारण भी दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद मंदिरों में मत्था टेक रहे हैं। शहर के सभी मंदिरों में लंबी लंबी कतारें लगी हैं। श्रद्धालु कतार में निरंतर ऊं नमः शिवाय मंत्र का जप कर रहे हैं।

सोमेश्वर महादेव का मंदिर संगम नगरी प्रयागराज में भगवान शिव का एक ऐसा अनूठा मंदिर है, जहां लोग गंभीर बीमारियों से निजात पाने के लिए आते हैं। मान्यता है कि इस अनूठे मंदिर की स्थापना खुद चंद्रदेव ने तब की थी, जब उन्हें श्राप की वजह से कुष्ठरोग हो गया था। पौराणिक कथाओं के मुताबिक् कुष्ठ रोग होने के बाद चन्द्रमा ने इसी जगह शिवलिंग स्थापित कर अपनी बीमारी से मुक्ति पाई थी। चंद्रदेव द्वारा स्थापित किये जाने और यहीं उनका कुष्ठरोग ठीक होने की वजह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु निरोगी होने की कामना के साथ यहां दर्शन पूजन के लिए आते हैं।

# आर्थिक स्थिति खराब होने से परेशान युवक ने फांसी लगाई

भोपाल, 26 फरवरी (वेब वार्ता)। मिसरोद थाना इलाके में स्थित ज्योति नगर में किराए से रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शुरुआती जांच में पुलिस को परिजनों ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उसने यह कदम उठाया है। हालांकि घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस मर्ग कायम कर आगे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, रोहित मेहरा पुत्र नारायण (21) मूल रूप से देवरी, सिलवानी का रहने वाला था। वह यहां ज्योति नगर में किराए के मकान में रहते हुए एचबीटी बैकरी में काम करता था। उसके आसपास रोहित के रिश्ते के भाई भी रहते थे, और वह बैकरी में साथ काम करते थे। सोमवार रात बैकरी से लौटने के बाद उसने अपने भाईयों के साथ खाना खाया और अपने रूम पर चला गया।

# कोलकाता में अवैध कॉल सेंटर पर छापेमारी, 1.18 करोड़ कैश के साथ 4 गिरफ्तार

कोलकाता, 26 फरवरी (वेब वार्ता)। कोलकाता के गार्डेन रीच थाना क्षेत्र में स्थित आयरन गेट रोड पर व्हाइट हाउस बिल्डिंग में एक बड़े साइबर अपराध नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। मंगलवार को एक जांच टीम ने यहां छापेमारी की। मौके से चार लोगों को पकड़ा गया और लगभग 1.18 करोड़ रुपये का कैश तथा कुछ स्वर्णाभूषण जब्त किए गए।

कोलकाता पुलिस के संयुक्त सीपी (अपराध) के अनुसार, यह छापेमारी 25 फरवरी को की गई थी। मामले में आरोपितों पर आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 66/66सी/66डी/43 के तहत अपराध दर्ज किया गया, साथ ही अन्य धाराओं जैसे 61(2)/319(2)/318(4)/336(2)/336(3)/338/340(2) के तहत भी जांच की जा रही है। इन आरोपियों पर अवैध कॉल सेंटर चलाने का आरोप है, जिसमें लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। छापेमारी के दौरान पुलिस को यहां से कई लैपटॉप, राउटर और अन्य दस्तावेज भी मिले, जो इस घोटाले में शामिल गतिविधियों को उजागर करने के लिए अहम साक्ष्य हो सकते हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुर्शील खान (28), जस्टिन पॉल (28), मोहम्मद शाहरुख (33), और खालिद यूसुफ खान (29) शामिल हैं। ये सभी आरोपी कॉल सेंटर के जरिए लोगों को धोखा देने के काम में लगे हुए थे।

# सामना में छपी सीएम फडणवीस की तारीफ, लिखा 'फिक्सरों पर कार्रवाई अच्छी बात'

मुंबई, 26 फरवरी (वेब वार्ता)। यूबीटी शिवसेना के मुख पत्र सामना में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तारीफ की गई है। सामना में लिखा गया कि फडणवीस ने राज्य में शासन को अनुशासन में लाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। पिछले तीन वर्षों में महाराष्ट्र की राजनीति में भ्रष्टाचार फैल गया था, जिससे राज्य का प्रशासन भ्रष्ट हो गया था। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस गंदगी को साफ करने का निर्णय लिया और इस कार्य की शुरुआत भी कर दी है।

सामना के अनुसार, मुख्यमंत्री फडणवीस ने न केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की, बल्कि मंत्रियों द्वारा किए जा रहे गलत कामों पर भी कड़ी नजर रखी। मंत्रियों के 'पीए' और 'ओएसडी' (ऑफिशियल सेक्युरिटी डिवीजन) नियुक्त करने के अधिकार को फडणवीस ने छीन लिया। इससे पहले, शिंदे सरकार के दौरान कई मंत्री अपने निजी सहायकों को नियुक्त कर रहे थे, जो भ्रष्टाचार और दलाली में लिप्त थे। फडणवीस ने ऐसे 16 नामों को नकारा, जो शिंदे सरकार में मंत्री के 'ओएसडी' बनने के लिए भेजे गए थे। ये लोग फिक्सिंग और दलाली में शामिल थे और मुख्यमंत्री ने उन्हें सीधे तौर पर खारिज कर दिया।

सामना में यह भी उल्लेख किया गया कि इन 16 नामों में से 12 शिंदे गुट के मंत्रियों द्वारा दिए गए थे। इस पर सवाल उठाया गया कि मंत्रियों को ऐसे लोगों की आवश्यकता क्यों थी, जो भ्रष्टाचार और फिक्सिंग में शामिल हों। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इन फिक्सरों को नियुक्ति से बाहर कर दिया, जो राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को साफ और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसके अलावा, माणिक कोकाटे जैसे कुछ मंत्रियों ने खुलकर स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री फडणवीस ने उन्हें चेतावनी दी थी कि वह अच्छा काम करें और भ्रष्टाचार से बचें। फडणवीस का यह कदम राज्य में शासन व्यवस्था को सही दिशा में ले जाने के लिए महत्वपूर्ण है। सामना में लिखा गया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में शासन में सुधार लाने के लिए कई कडे और प्रभावी कदम उठाए हैं और उनकी भूमिका राज्य के प्रशासनिक सुधारों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।


**सार्वजनिक नोटिस**

ICICI Home Finance | **पंजीकृत कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059

**शाखा का पता:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, दूसरी मंजिल, बी - ब्लॉक, दुकान नंबर 1, एस.के. प्लाजा, पुर रोड, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001

**शाखा का पता:** प्लॉट नंबर 13, कल्याण कॉम्प्लेक्स, फ्राधाय बस स्टैंड के सामने, घटियावली रोड, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312001

निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से प्राप्त ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है और ऋण को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 13 (2) के तहत एक नोटिस जारी किया गया था, हालांकि इसे तामील नहीं किया गया था और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना माध्यम से सूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/ का नाम (ऋण खाता संख्या) और पता | संपत्ति का पता सुरक्षित संपत्ति/परिसंपत्ति को लागू किया जाना है | नोटिस भेजने की तिथि/नोटिस की तिथि पर बकाया | एनपीए दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चेतन बलवंत गारवा (उधारकर्ता) महाराणा प्रताप सेतु मार्ग चित्तौड़गढ़ चित्तौड़गढ़ राजस्थान- 312001 **LHBLW**00001340940 | ना तीसरी मंजिल फ्लैट नंबर सी 3 रोनक अपार्टमेंट चामटी खेड़ा रोड दिवाकर नगर चित्तौड़गढ़ ना चित्तौड़गढ़ राजस्थान- 312001, सीमाएँ से घिरा हुआ - उत्तर: प्लॉट नंबर 11 का हिस्सा, दक्षिण: फ्लैट नंबर सी -2, पूर्व: मार्ग और फ्लैट नंबर सी -4, पश्चिम: प्लॉट नंबर 13-14 | 12-02-2025 रु. 13,44,772.08/- | 03-02-2025 |
| 2. | चेतन बलवंत गारवा (उधारकर्ता) महाराणा प्रताप सेतु मार्ग चित्तौड़गढ़ चित्तौड़गढ़ राजस्थान-312001 **LHBLW**00001340941 | ना तीसरी मंजिल फ्लैट नंबर सी 3 रोनक अपार्टमेंट चामटी खेड़ा रोड दिवाकर नगर चित्तौड़गढ़ ना चित्तौड़गढ़ राजस्थान- 312001, सीमाएँ से घिरा हुआ - उत्तर: प्लॉट नंबर 11 का हिस्सा, दक्षिण: फ्लैट नंबर सी -2, पूर्व: मार्ग और फ्लैट नंबर सी -4, पश्चिम: प्लॉट नंबर 13-14 | 12-02-2025 रु. 30,566.26/- | 03-02-2025 |
| 3. | चेतन बलवंत गारवा (उधारकर्ता) रिया व्यास (सह- उधारकर्ता) सी 3 रोनक अपार्टमेंट चित्तौड़गढ़ चित्तौड़गढ़ राजस्थान-312001 **LHBLW**00001515351 | ना तीसरी मंजिल फ्लैट नंबर सी 3 रोनक अपार्टमेंट चामटी खेड़ा रोड दिवाकर नगर चित्तौड़गढ़ ना चित्तौड़गढ़ राजस्थान- 312001, सीमाएँ से घिरा हुआ - उत्तर: प्लॉट नंबर 11 का हिस्सा, दक्षिण: फ्लैट नंबर सी -2, पूर्व: मार्ग और फ्लैट नंबर सी -4, पश्चिम: प्लॉट नंबर 13-14 | 12-02-2025 रु. 3,75,638.4/- | 03-02-2025 |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और/या उनके गारंटरों (जैसा लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर बकाया भुगतान करें अन्यथा प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक: 27 फरवरी, 2025
स्थान: चित्तौड़गढ़

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड



**कैपिटल इंडिया होम लोन्स लिमिटेड**

CAPITAL INDIA Home Loan

पंजीकृत पता : 701, 7वां तल, अग्रवाल कॉर्पोरेट टॉवर, प्लाट नं. 23 जनपद केन्द्र, राजेन्द्र पेलेस, नई दिल्ली - 110008 CIN: U65990DL2017PLC322041

**अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ विक्रय सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों) के विक्रयार्थ नीलामी विक्रय सूचना**

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप में उधारकर्ता (ओं) तथा गारंटर (रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधककृत / प्रभारित निम्न विवरणित अचल संपत्तियां, जिनका अधिग्रहण कैपिटल इंडिया होम लोन्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा लिया जा चुका है, उनका विक्रय यहां इसमें निम्नानुसार प्रस्तुत तालिका में अंकित तिथि एवं समय पर **'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो है' और 'वहां जो कुछ भी है'** आधार पर यहां इसमें निम्न तालिका में वर्णित उधारकर्ताओं एवं गारंटर (रों) की ओर से प्रतिभूत ऋणदाता को देय, यहां नीचे तालिका में अंकितानुसार बकाया राशियों तथा इन पर नियत भावी ब्याज एवं अन्य व्ययों की वसूली हेतु किया जायेगा। आरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा (धराज ) तथा धराज प्रस्तुति की अंतिम तिथि का उल्लेखन भी यहां इसमें प्रस्तुत निम्न तालिका में किया गया है

| ऋणियो/सह-ऋणियों/जमानतदारो के नाम | अचल संपत्ति का विवरण | निम्नानसुार बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना जमा राशि (ईएमडी) | नीलामी की तिथी एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 रूप सिंह चुण्डावत पिता भेरूसिंह 2.निर्मला कुँवर पति रूपसिंह | यूआईटी लीज होल्ड आवासीय संपत्ति फ्लैट नंबर डी-207, 'दूसरा तल', ब्लॉक डी, 'शुभ शांति विहार' प्लॉट नंबर 01 , राजस्व गांव उमरदा, तहसील-गिरवा, जिला-उदयपुर-313703, कारपेट एरिया 315, सभी अधिकारों के साथ (सामान्य क्षेत्रों, सुविधाओं, सुख-सुविधाओं, विकास अधिकारों आदि (जैसा लागू हो) का उपयोग करने और उन पर कब्ज़ा करने के अधिकारों तक सीमित नहीं), एवं सभी फर्नीचर, फि क्सचर, फिटिंग एव उससे जुड़ी चीजें, **चर्तुसीमा** निम्नानुसार सीमित हैं: पूर्व : टाइटल डीड के अनुसार, पश्चिम: टाइटल डीड के अनुसार, उत्तर: टाइटल डीड के अनुसार, दक्षिण: टाइटल डीड के अनुसार, | ₹ 8,89,712 as on 14-10-2024 | ₹ 8,60,000/- / ₹ 86,000/- | 29-03-2025 & 1.30 PM |

**संपत्ति के ऑन-साइट निरीक्षण की तिथि और समय : 03 एवं 04 मार्च 2025**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया कैपिटल इंडिया होम लोन्स लिमिटेड/सिक्योर्ड केडिटर की वेबसाइट यानी **https://www.bankauctions.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

इच्छुक बोलीदाता संपर्क भी कर सकते हैं: **संदीप शिवाजी कांबले, मोबाइल: 9322572949/8600200088**

**ऋणी/जमानतदारो हेतु विक्रय सूचना**

उपरोक्त को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 9(1) के साथ पठित धारा 8(6) के तहत नोटिस माना जाएगा, जिसके तहत दायित्वधारियों को प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर इसका भुगतान करना होगा।

हस्ता /-
**प्राधिकृत अधिकारी**
**कैपिटल इंडिया होम लोन्स लिमिटेड**

**दिनांक: 27-02-2025**
**स्थान : उदयपुर, राजस्थान**


स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लाट सं. 28, विवेकानन्द कॉलोनी के पूर्व की तरफ अहमदाबाद बाय पास, सिरोही से मुद्रित व प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com